# INDIAN SCHOOL SOHAR
## PEROIODIC TEST-2 (2017-18)

No. of printed pages-4

विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

दिनांक : **19 -9-2017** पूर्णांक : **80**

कक्षा : **IX** समय : **3 घण्टे**

**निर्देश : 1** इस प्रश्न-पत्र में **चार खंड हैं- क, ख, ग** और **घ**।

**2** चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

**3** यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।

**4** उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

---

(खण्ड- क) (अपठित बोध)

**प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

हर किसी मनुष्य को अपने राष्ट्र के प्रति गौरव, स्वाभिमान होना आवश्यक है। राष्ट्र से जुड़े समस्त राष्ट्र प्रतीकों के प्रति भी स्वाभिमानी होना चाहिए। राष्ट्र प्रतीकों का यदि कोई अपमान करता है, तो उसका पुरजोर विरोध करना चाहिए।प्रत्येक राष्ट्राभिमानी व्यक्ति के हृदय में अपने देश, अपने देश की संस्कृति तथा अपने देश की भाषा के प्रति प्रेम होना स्वाभाविक भावना ही है। राष्ट्र के प्रति हर राष्ट्रवासी को राष्ट्र हित में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने को तैयार रहना चाहिए। जिस देश के निवासियों के हृदय में यह उत्सर्ग भावना नहीं होती है, वह राष्ट्र शीघ्र ही पराधीन होकर अपने सुख, शांति और समृद्धि को सदा के लिए खो बैठता है। सार्वजनिक हित और देशभक्ति के बिना राष्ट्रीय महत्ता का अस्तित्व ही नहीं रह सकता है। जिसके हृदय में राष्ट्रभक्ति है उसके हृदय में मातृभक्ति, पितृभक्ति, गुरुभक्ति, परिवार, समाज व सार्वजनिक हित की बात स्वत: ही आ जाती है। इन भावनाओं से वह आत्मबली होकर अन्याय, अत्याचार व अमानवीयता से लड़ने के लिए तत्पर हो जाता है। वह एक सच्चे मानव धर्म का अनुयायी होकर धर्म एवं न्याय के पक्ष में खड़ा होता है। अत: राष्ट्र- धर्म एवं राष्ट्र- भक्ति सर्वोपरि है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो स्वयं के प्रति, ईश्वर के प्रति तथा राष्ट्र के प्रति अनुत्तरदायी ही होंगे। किसी को हानि पहुँचाकर स्वयं के लिए अनुचित लाभ उठाना अन्याय है। अपने राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य से विमुख न होना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है।

प्रश्न **(i)** राष्ट्राभिमानी व्यक्ति के हृदय में क्या स्वाभाविक भावना होती है? **2**

प्रश्न **(ii)** देश के निवासियों में उत्सर्ग भावना नहीं होने पर क्या हानि होगी? **2**

प्रश्न **(iii)** आत्मबली व्यक्ति किनसे लड़ता है और किनके पक्ष में खड़ा होता है? **2**

प्रश्न **(iv)** हृदय में राष्ट्रभक्ति होती है तो कौन- कौन से गुण अपने आप आ जाते हैं? **2**

प्रश्न **(v)** उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **1**

**प्रश्न 2- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

सच हम नहीं सच तुम नहीं
सच है महज संघर्ष ही।
संघर्ष से हटकर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम।
जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झरकर कुसुम।
जो लक्ष्य भूल रुका नहीं।
जो हार देख झुका नहीं।
जिसने प्रणय पाथेय माना जीत उसकी ही रही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे।
जो है जहाँ चुपचाप अपने आप से लड़ता रहे।
जो भी परिस्थितियाँ मिलें।
काँटे चुभें, कलियाँ खिलें।
हारे नहीं इनसान, है संदेश जीवन का यही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।

प्रश्न **(क)** जीवन में विजयी कौन होता है? **2**

प्रश्न **(ख)** ' काँटे ' और ' कलियाँ ' से क्या अभिप्राय है? **2**

प्रश्न **(ग)** जीवन का संदेश क्या है? **2**

## (खण्ड- ख) ( **व्यावहारिक व्याकरण** )

**प्रश्न 3 -** निम्नलिखित शब्दों का वर्ण- विच्छेद कीजिए। **3**

निक्षेप, पर्याप्त, प्रज्ञा

**प्रश्न 4 -** (क) निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार युक्त सही शब्द छाँटकर लिखिए। **2**

रूपांतरण, पांच, पसंद, व्यंग्य, आंशका, चांद, संघटन

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से अनुनासिक युक्त सही शब्द छाँटकर लिखिए। **2**

जँगल, काँटा, झँडा, सभाँल, बूँद, जाँचना, आँगन, डंस

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से नुक्ता युक्त सही शब्द छाँटकर लिखिए। **2**

नज़ाकत, तहज़ीब, सफेद़, किफाय़त, हक, ज़ाहिर, ज़य, फारसी

**प्रश्न 5 -** (क) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग व मूल शब्द अलग करके लिखिए। **2**

प्रत्याहार, अनुश्रुत

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए। **2**

शैक्षिक, ममेरा

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग, मूल शब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए। **2**

प्रतिनिधित्व , संक्रमित

## (खण्ड- ग) (पाठ्य - पुस्तक)

**प्रश्न 6 - पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) मनुष्य के जीवन में पोशाक किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है? **2**

(ख) आगमन के पाँचवें दिन भी अतिथि अपने घर लौटने का निर्णय नहीं लेगा तो परिणाम क्या होगा? **2**

(ग) तेनजिंग ने बेचेंद्री पाल की तारीफ में क्या कहा? **1**

**प्रश्न 7 -** रामन् के लिए नौकरी संबंधी कौन- सा निर्णय कठिन था और रामन् ने जो नौकरी संबंधी निर्णय लिया उसके पीछे उनका क्या उद्देश्य था? **5**

**प्रश्न 8 -पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) बीमार पुत्री को उकसाकर पिता क्या सुनना चाहते थे? **2**

(ख) ' आदमीनामा ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि पहले छंद में कवि की दृष्टि आदमी के किन- किन रूपों का बखान करती है? **2**

(ग) कवि रैदास के दूसरे पद में ईश्वर ने जिन कवियों का उद्धार किया है। उनमें से किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिए। **1**

**प्रश्न 9 -** रहीम सुई व तलवार का उदाहरण देकर हमें क्या सीख देना चाहते हैं? दोहे (रहीम) पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **5**

**प्रश्न 10 -** हमको विपरीत परिस्थितियों में सूझ- बूझ व साहस से काम लेना चाहिए। ' स्मृति ' पाठ के आधार पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। **5**

## (खण्ड- घ) ( लेखन)

**प्रश्न 11 -** दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग **80** से **100** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। **5**

(क) मनोरंजन के साधन

(**i**) मनोरंजन का अर्थ

(**ii**) मनारंजन की आवश्यकता

(**iii**) आधुनिक काल में मनोरंजन के साधन

(ख) आदर्श विद्यार्थी

(**i**) विद्यार्थी का अर्थ

(**ii**) विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य

(**iii**) विद्यार्थी जीवन का महत्व

**प्रश्न 12-** आपका नाम जीत कुमार है और आप दिल्ली के जनता छात्रावास में रहते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई सामान्य - ज्ञान प्रतियोगिता में आपका छोटा भाई प्रथम आया है। छोटे भाई को बधाई देते हुए पत्र लिखिए। **5**

**प्रश्न 13-** संगति का बच्चों पर अधिक प्रभाव पड़ता है- विषय पर दो माताओं के बीच हुए वार्तालाप को **50** शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। **5**

**प्रश्न 14-** छोटे बच्चों के वस्त्रों की दुकान के प्रचार हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

**प्रश्न 15-** दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन चित्र से सम्बद्ध होना चाहिए। **5**

